## खबर संक्षेप

### दादरगांव नपं के द्वार में मधुमक्खियों का डेरा



**रसेला।** ग्राम पंचायत दादरगाव नया में पंचायत के मुख्य दरवाजे पर मधुमक्खियों ने 15 से 20 दिनों से अपना डेरा जमाएं हुए हैं। पंचायत में लोगों का आना स्वाभाविक है। साथ ही साथ उसी पंचायत में लोगों को हर महीने राशन सामग्री वितरित किए जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक मधुमक्खियां ना लोगों को नुक्सान पहुंचाती है, ना लोग इन्हें परेशान करते हैं। पंचायत में मधुमक्खियों ने अपना डेरा डाल दिया है। लेकिन लोगों में इसका दहशत साफ देखा जा सकता है। लेकिन इनका कहर कब किस पर टूट पड़े किसी को पता नहीं। मगर स्थिति यह है कि ग्रामीणों को हमेशा पंचायत व राशन सामग्री लेने पंचायत आना महंगा पड़ रहा है। क्योंकि इसका कोई ठीकना नहीं कब किस समय हमला कर दे। लोग इनके दंश से घायल हो जाते हैं। घायलों को अस्पताल में अपना इलाज करवाना पड़ता है। लोग जा रहें हैं मगर डरें सहमें हुए।

### अज्ञात कारणों से शख्स ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 अप्रैल को शाम करीब 7:30 बजे सीताराम चौहान पिता स्व. जगत राम चौहान (50) निवासी वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### धारदार हथियार लहरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी के बाजार वार्ड में एक 19 साल के युवक को धारदार हथियार लहराकर कर लोगों को डराते-धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि सुभाष उर्फ सोनू ध्रुव पिता बिहारी ध्रुव (19) ग्राम बिरकोनी निवासी बाजार चौक के पास लोहे का तलवार को लेकर लहराते हुए लोगों को डराते धमकाते मिला, जिस पर पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सही ढंग से बाइक चलाने कहा तो चार लोगों ने युवक से की जमकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में बाइक को कट मारकर चलाने से मना करने वाले युवक के साथ कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट महासमुंद थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी योगेश डहरिया पिता झगरू डहरिया निवासी खट्टी ने बताया कि मैं 28 अप्रैल को हिच्छा जंगल से अपने दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल के साथ पैदल आ रहा था। इसी दौरान खट्टी की ओर से गांव के घनश्याम मेहर एवं वैद्यनाथ मेहर अपने बाइक से जा रहे थे। वे लोग हमारे बगल से बाइक को कट मारते गए, जिन्हें हम लोगों ने देखकर सही तरीके से गाड़ी चलाओ कहा, तब वे लोग हम लोगों को गालियां देते हुए विवाद करने लगे। कुछ देर बात जब हम लोग गांव आकर प्रेमलाल साहू के किराना दुकान के सामने खड़े थे, तभी आरोपी घनश्याम मेहर और वैद्यनाथ मेहर अपने चचेरे भाई मोतीलाल मेहर एवं विनोद मेहर के साथ लाठी डंडा एवं एक लोहे का राड लेकर आए और चारों ने एक राय होकर गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं एक लोहे के राड से मुझे मारने लगे। इस दौरान भयभीत होकर मेरे दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल भाग गए।

# चल रही गर्म हवाएं, तापमान 42 डिग्री पहुंचा, कूलर-पंखा से भी नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तापमान 42 डिग्री से ऊपर चला गया है। हवाएं गर्म हो गई है। झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। यहां तक कि घर के दीवाल और आंगन भी भट्ठी के माफिक तपने लगा है। हर कोई बेचैन है। कूलर भी गर्म हवा फेंकने लगी है।

गर्मी को देखते हुए 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक अधिकतर दुकानों के शटर आधे गिरे हुए नजर आ रहे हैं। हर तरफ गर्मी को लेकर हा-हाकार मचना शुरू हो गया है। दिन में भी सड़कें सूनी नजर आ रही है। बाजार भी सूना रहता है। लोगों ने दिन में आवाजाही बिल्कुल बंद कर दिए हैं। जिन्हें जरूरी काम से जाना है, वे तड़के 5 बजे से लेकर 10 और अधिक हो गया तो 11 बजे तक यात्रा कर रहे हैं। इधर शाम को 6 बजे के बाद ही लोग घर से निकलते हैं। बावजूद गरम हवाओं के थपेड़े झेलना पड़ता है। पड़ रही गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। लू के हालात बन रहे हैं। वायरल फीवर सर चढ़कर बोल रहा है। शहर के सभी निजी हॉस्पिटल ठसाठस भरे हुए नजर आ रहे हैं। यही हाल मेडिकल स्टोर्स का भी है जहां डॉक्टरो की पर्ची लेकर लोगो की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी का असर अधिक उम्र के लोगों के ऊपर कुछ ज्यादा ही दिख रहा है। छोटे मासूम बच्चे भी प्रभावित है। श्रमिक वर्ग भी गर्मी को देखते हुए काम में जाना पसंद नहीं कर रहे हैं यदि चले भी गए तो दोपहर 1 बजे के पहले अपने घर को लौट रहे है। ये हालात अब जून के प्रथम सप्ताह तक बना रहेगा।

### गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव



#### 15 दिनों से गर्मी तेज

गर्मी से हर वर्ग के लोग हलाकान हैं और यह हलाकानी अभी कम से कम डेढ़ से दो महीना तब तक झेलना पड़ेगा, जब तक कि मानूसन न आ जाए। पिछले 15 दिनों से मानो आग बरस रहा है। घड़ी के कांटे ज्यों-ज्यों ऊपर की ओर बढ़ता है, त्यों-त्यों पसीने की रफ्तार भी बढ़ने लग जाती है। आज की तारीख में सुबह 10-11 बजे के बाद घर से बाहर निकलने की हिम्मत बहुत कम लोग ही कर पा रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल के बाजू से पुराने पुल, बेलाही घाट पुल में लोगों के अलावा महिलायें और युवतियों को भी देर रात तक घूमते हुए देखा जा रहा है।

### समस्या : नगर के लोगों ने मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

# मैनपुर में बुनियादी सुविधाओं का आभाव अधिकारियों से मांग कर थके नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग आजादी के 75 वर्षों बाद मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है। कहने को तो मैनपुर अनुविभाग मुख्यालय भी है और यहां अनुविभाग स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी निवास करते है। बावजूद इसके मैनपुर नगर के लोग बुनियादी सुविधाओं के मोहताज है। ग्राम पंचायत मैनपुर की जनसंख्या लगभग 8 हजार के आसपास है और इतने जनसंख्या होने के बावजूद भी आजतक मैनपुर को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया है और तो और पेयजल, तालाब, मुक्तिधाम, स्ट्रीट लाईट, गंदगी, कचरा, साफ सफाई जैसे बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा नहीं है कि नगर के लोगों ने इस समस्या से ग्राम पंचायत मैनपुर के पदाधिकारियों और स्थानीय अधिकारियों को अवगत न कराया हो कई बार इस समस्या को लेकर स्थानीय अफसरो और वरिष्ठ नागरिको की बैठक हो चुकी है। लेकिन बैठक के बाद कोई ठोस नतीजा पर नहीं पहुंचने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### तालाब सुखा, पेयजल संकट भी

मैनपुर नगर की आबादी लगभग 8 हजार के आसपास है और मैनपुर नगरवासियों के लिए निस्तार के लिए दो तालाब है दोनों तालाब मार्च माह में ही सूख कर मैदान में तब्दील हो गया है। तालाब में पानी भरने के लिए लगाए गए मोटर पंप भी बंद पड़ा हुआ है। कई बार स्थानीय नगरवासियों ने मोटरपंप से पानी भरने की मांग कर थक चुके है, लेकिन जिम्मेदारो के कानो में जूं तक नहीं रेंगती। शोक कार्यक्रम में तालाब कार्यक्रम के लिए नगर के लोगों को दूसरे गांव के तालाब तक जाना पड़ रहा है। मैनपुर नगर में पेयजल सप्लाई के लिए दो ओवरहैड टैंक है लेकिन इन दिनों ओवरहैड टैंक मे पानी नहीं भर पाने के कारण घरो में पानी की सप्लाई नही हो पा रहा है।

#### गंदगी, कचरा और बदबू से नगरवासी परेशान

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की एक बड़ी संमस्या नेशनल हाईवे मार्ग के किनारो से लेकर विभिन्न वर्डो के गली मोहल्ले सप्ताहिक बाजार सभी तरफ कचरा और गंदगी का ढेर लगा हुआ है। कई बार साफ -सफाई की मांग किया जा चुका है। साफ सफाई के नाम पर पंचायत से लाखो रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है लेकिन नियमित साफ- सफाई नहीं होने के कारण नगर के कई मोहल्ले मे संक्रामक बिमारी के फैलने का अंदेशा है। साथ ही बजबजाती कच्ची नालियों की साफ- सफाई नही होने से उससे उठने वाला दूर्गंध से मोहल्ले के लोग परेशान हो गए है।



#### कांजी हाउस बेहद जर्जर

मैनपुर ग्राम पंचायत में एक कांजी हाउस भी है। लेकिन उसका भवन भी बेहद जर्जर हो गया है, और यहां मवेशियों के लिए चारा पानी का कोई सुविधा नही है। हमेशा कांजी हाउस का ताला खुला रहता है। मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड स्थित पुराना यात्री प्रतिक्षालय भवन को पंचायत द्वारा तोड़ दिया गया है। अब उस जगह पर अतिक्रमण का डर बना हुआ है। मैनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक रामकृष्ण ध्रुव, विरेन्द्र श्रीवास्तव, रूद्रेश्वर साहू, त्रिभुवन पटेल ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोगों को मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत को आदेषित किया जाये साथ ही मैनपुर तालाब में पानी भरने का ट्यूबवेल को प्रारंभ किया जाये। मुक्तिधाम का निर्माण किया जाये। स्ट्रीट लाईट को प्रारंभ किया जाये।



#### ग्राम पंचायत को यहां से होती है राजस्व की प्राप्ति

तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत को सप्ताहिक बाजार ठेका, नलजल टैक्स, प्रकाश टैक्स, व्यावसायिक कॉप्लेक्स शेड से आय के साथ ही कांजी हाउस के अलावा, मूलभूत, तेरहवें वित, चौंदहवे वित्त पंद्रहवे वित्त एवं सरकार से विभिन्न प्रकार से आय प्राप्त होती है लेकिन इन राशि का जनहित में क्यों उपयोग नही किया जाता यह एक बड़ा प्रश्न है।

#### समस्याओं का समाधान किया जायेगा : एसडीएम

मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने कहा ग्राम पंचायत मैनपुर मे मूलभूत सुविधा साफ- सफाई के लिए दो बार नोटिस सचिव को जारी किया जा चुका है। उन्होने कहा जितने भी समस्याएं है सभी समस्याओं के समाधान के लिए कल पंचायत के सरपंच और सचिव को बुलाकर समीक्षा किया जायेगा और सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर ने बताया कि मैनपुर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। मुक्तिधाम के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नही किया गया है।

## बाइक सवार युवक गड्ढे में गिरा, मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 4 किलो मीटर दूर मुख्य नेशनल हाईवे मार्ग 130 सी में फुलझर मोड़ पर दो दिन पूर्व शाम 6.30 बजे के आसपास सड़क किनारे खाई में एक व्यक्ति के मोटरसायकल सहित गिरने की जानकारी लगते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

राहगीरो की मदद से संजीवनी एक्सप्रेस 108 वाहन को सूचना दिया। जिसे मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां डॉक्टरो ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर पुलिस को राहगीरों के माध्यम से देवभोग मार्ग पर फुलझर मोड़ पर 5 से फीट गढ्ढे में एक ग्रामीण के मोटरसायकल सहित गिरने एवं उक्त व्यक्ति के बूरी तरह से घायल होने की जानकारी मिली जिसके सिर और पैर मे गंभीर चोटो के निशान थे। मोटरसायकल के साथ गिरे होने एवं एन्टीकेटर लाईट के बार- बार जलने बुझने की स्थिति में राहगीरो ने देखा और तत्काल संजीवनी एक्सप्रेस 108 वाहन एवं पुलिस को इसकी सूचना दिया एवं संजीवनी एक्सप्रेस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर लाया गया। जहां डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा पतासाजी करने पर पाया गया कि उक्त व्यक्ति ग्राम पंचायत कोकड़ी के पंच बरगांव निवासी धनसिंह नेताम पिता लक्ष्मण नेताम उम्र 55 वर्ष किसी काम से मैनपुर आया था।

## कलेक्टर ने जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



■ प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आवास, आंगनबाड़ी, गोदाम, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय, सामुदायिक शौचालय, नाडेप संरचना एवं मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जनपद वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम आवास के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा दिलाने सभी गांवों में ठोस एवं अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र शेड निर्माण की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण कराते हुए सप्ताहवार इसकी समीक्षा भी करने के निर्देश सभी जनपदों के सीईओ को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, सभी जनपद सीईओ, आरईएस के अधिकारीगण, पीओ, एपीओ, उप अभियंता, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली गिरने से पुत्री की मौत,पिता गंभीर



**गरियाबंद।** जिले के देवभोग में आकाशीय बिजली गिरने से पिता-पुत्री बूरी तरह से झुलस गए। वहीं हादसे में पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई है। पिता गंभीर रूप से घायल है, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार देवभोग थाना क्षेत्र के लदरा गांव में सोमवार को बारिश के दौरान बिजली कड़कने लगी, तभी अचानक पिता चबी राम सोम और उसकी 6 वर्षीय बच्ची आरती सोम इसकी चपेट में आ गए। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे की सुचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने बच्ची के शव और पिता को देवभोग अस्पताल भेजवाया, जहां पिता की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज जारी है।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी युवक 24 घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नाबालिग को बहला फुसला भगा ले जाने वाले एक आरोपी को रेप मामले में सिटी कोतवाली पुलिस चौबीस घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा।

सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 27 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा गरियाबंद सीटी कोटवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लडक़ी को बहला फुसला कर किसी व्यक्ति द्वारा भगा ले गया है। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले दिया गया। मामले की गंभीरता को भांपते हुए दिशा निर्देश में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं एसडी ओपी गोपाला वैश्य के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े द्वारा प्रधान आरक्षक राम कृष्ण साहू आरक्षक योगेश सिंग व महिला आरक्षक लिलेश्वरी ध्रुव टीम गठित कर पता साजी करते चौबीस घण्टे के भीतर आरोपी केजू राम मार्कण्डे (27) को फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पतोरी में आरोपी के साथ नाबालिग लड़की बरामद कर आरोपी को 363, 366,376 पॉस्को एक्ट कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया।

### विधायक रोहित ने कलेक्टर से क्षति आंकलन सर्वे के लिए चर्चा की

# बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, की मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से ग्राम कसेकेरा, अमेठी, साजापाली, नवापारा, भैरा, फिगेश्वरी, अकलवारा तहसील छुरा पटवारी हल्का नंबर 2, 3 में किसानों की रबि फसलों को 23 अप्रैल को आंधी, तूफान व बारिश के साथ ओलावृष्टि के असर से बाली से धान का दाना झड़ गया था। जिससे किसानों को खासा नुकसान हुआ। किसानों ने बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान आरबीसी 6/4 के तहत में उचित मुआवजा दिए जाने की मांग राजिम विधायक रोहित साहू से की है। प्रभावित सैकड़ों किसान वाहन से सोमवार को विधायक निवास राजिम पहुंचे। लेकिन विधायक का कसडोल में चुनाव प्रचार में होने के कारण मुलाकात नहीं हुई। वहीं किसानों ने मोबाइल से चर्चा कर अपनी व्यथा बताई। विधायक ने किसानों की बात को गंभीरता से सुना। उन्होंने हर सम्भव मदत की आश्वासन दिया है। विधायक राजिम रोहित साहू ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल को इस समस्या की निराकरण को गंभीरता से कार्यवाही कराने की बात कहीं है। और राजस्व अधिकारी छुरा को प्रभावितों के खेत पहुंचकर क्षति आकंलन करने निर्देश किया गया है। वहीं विधायक ने अपने प्रतिनिधि विजय कंडरा को इस समस्या के समाधान तक प्रकरण को देखने कहा है।

#### सैकड़ों एकड़ फसल प्रभावित

इस ग्रामों के किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग किया है। जिसमें कसेकेरा में 200 हेक्टेयर, अमेठी में 200 हेक्टेयर, साजापाली 150 में हेक्टेयर, नवापारा में 120 हेक्टेयर, भैरा में 100 हेक्टेयर, फिरगेंश्वरी में150 हेक्टेयर अकलवारा में 50 हेक्टेयर है। प्रभावित किसान में बसंत यादव, अरुण, राम पटेल, हेमलाल पटेल, भरत लाल दीवान, भागवत पटेल, लालजी दीवान, प्रकाश दीवान, देव कुमार दीवान, लेखराम दीवान, पुरुषोतम पटेल, मेघराज दीवान, भूषण दीवान, प्रकाश दीवान, राधेश्याम दिवान, भीरवाराम सिन्हा सहित सैकड़ों किसान हैं।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं हमारे छात्र, इसलिए 10वीं-12वीं में एनसीसी बोनस शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह जारी करने की तैयारी में है। माशिम ने मूल्यांकन सहित सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली है। विभिन्न विभागों से उन छात्रों की सूची भी मंगा ली गई है, जिन्हें बोनस अंक प्रदान किए जाने हैं। माशिम राष्ट्रीय स्तर के खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी छात्रों के साथ-साथ स्काउट-गाइड, विद्या भारती, एनसीसी, एनएसएस जैसे कई वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान करता है। विभिन्न विधाओं के अंतर्गत जिन छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं, उनकी सूची माशिम ने जारी कर दी है। इनमें से एनसीसी और एनएसएस कैटेगरी में एक भी छात्र को बोनस अंक प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है। इसके कारण उन्हें बोनस अंकों के लिए पात्र नहीं पाया गया। एनसीसी में शामिल ऐसे छात्र, जो राष्ट्रीय स्तर पर कोइ उपलब्धि प्राप्त करते हैं, उन्हें ही बोनस अंक प्रदान किया जाता है।

## दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह हो सकते हैं जारी

- खेल, स्काउड-गाइड सहित कई विधाओं में छात्रों को दिए जाने हैं बोनस अंक
- राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है




### एनएसएस में नियम

गणतंत्र दिवस परेड में एनएसएस छात्र हिस्सा नहीं लेते हैं। परेड और परीक्षा की तारीखें आस-पास ही होती हैं, इसलिए एनएसएस छात्रों के लिए केंद्र ने ही यह नियम बनाया है। बोनस अंक राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को ही देते हैं। माशिम ने हमसे जानकारी मांगी थी, हमने भेज दी है।

**-डॉ.नीता बाजपेयी,** राज्य एनएसएस प्रभारी

### एनसीसी में लंबी है प्रक्रिया एनएसएस में प्रावधान नहीं

26 जनवरी के दिन दिल्ली में होने वाले परेड में छात्रों को शामिल होने का मौका दिया जाता है। इसमें जो छात्र हिस्सा लेते हैं, उन्हें ही परीक्षाओं में बोनस अंक का प्रावधान है। इसमें चयन के लिए लंबी प्रक्रिया होती है। स्कूलों में फरवरी माह में ही प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाती हैं। ऐसे में अधिकतर स्कूल छात्रों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हैं। राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में तो छात्र हिस्सा लेते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन प्रक्रिया लंबी होने के कारण वे दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। यही वजह है कि एनसीसी छात्र की भागीदारी कम रहती है। इसके अलावा एनएसएस छात्र नियमों के कारण हिस्सा नहीं ले रहे हैं। गौरतलब है कि माशिम इस बार दसवीं व बारहवीं कक्षा में 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों संग मंदिर भ्रमण

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को महादेवघाट मंदिर के दर्शन कराए गए। मंदिर दर्शन के बाद सबने नौका विहार का आनंद लिया। मंदिर परिसर में सबने एक साथ बैठकर स्वल्पाहार ग्रहण किया। इसके बाद सभी बुजुर्गों को सांई मंदिर के दर्शन भी कराए गए। वामा की संपादिका दीया मूलचंदानी ने बताया कि मंदिर भ्रमण कार्यक्रम चितवन परिवार के सभी सदस्यों को बहुत ही अच्छा लगा। भ्रमण के दौरान सभी बुजुर्ग प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए। इस दौरान वामा परिवार की फाउंडर लीना वाढेर, कन्वेनर रूपाली दुबे, सेक्रेटरी कल्पना गुप्ता सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### चुगली करने का आरोप महिला की पिटाई

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला तथा पुरुष के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक जरवाय निवासी साहेला फरहीन ने वाहिदा परवीन तथा समीर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साहेला ने पुलिस को बताया कि वाहिदा तथा समीर ने उस पर चुगली करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### मतदान दलों को लंच पैकेट के साथ नीबू पानी पहुंचाएंगे निगम कर्मचारी

**रायपुर।** नगर निगम का अमला शहर के 750 बूथों में मतदान दलों को भोजन के पैकेट पहुंचाएगा। इसके साथ ही लू से बचाव के लिए नीबू पानी पिलाने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर क्षेत्र के 750 बूथों पर मतदान दलों को भोजन पैकेट और नीबू पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 5 या 5 से अधिक मतदान केंद्र वाली जगहों पर अलग-अलग लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं 5 से कम मतदान केंद्रों वाली जगह के आसपास 5 मतदान केंद्र वाले अधिकारियों को वहां का जिम्मा दिया जाएगा। 6 और 7 मई को मतदान दलों को भोजन के पैकेट भी नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट, 3 साल पहले बना था प्लान

# मालवीय रोड बिजली तार से मुक्त, 6 जगहों पर अंडरग्राउंड केबलिंग अधूरी, जून तक मियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

शहर के प्रमुख 7 मार्गों की सड़क को स्मार्ट रोड बनाने और बिजली तारों के झुरमुट को खत्म कर अंडरग्राउंड केबलिंग करने का प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है।। 7 मार्ग में से केवल मालवीय रोड मार्ग ही बिजली के तारों के मकड़जाल से मुक्त हो पाया। स्मार्ट सिटी ने यहां अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक से फाफाडीह, कोतवाली से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक, महिला थाना से बिजली आफिस चौक और बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से लाखेनगर तथा लाखेनगर से आमापारा चौक की सड़क में हाउस होल्ड कनेक्शन देने एवं बिजली पोल को सड़क से हटाने का काम पूरा नहीं हो पाया है।

राजधानी के 7 स्थानों की सड़कों पर अंडरग्राउंड केबलिंग कर बिजली तारों के गुच्छों से शहरवासियों को छुटकारा दिलाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 साल पहले टाटा कंसल्टेंसी से सर्वे कराकर बिजली तार और केबल को भूमिगत करने प्लान तैयार किया। सूत्रों के मुताबिक 3 साल पहले इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होना था, पर शुरुआत के 2 साल तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और बिजली कंपनी के बीच तकनीकी विवाद चलता रहा। पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस काम के लिए बिजली कंपनी को अधिकृत करते हुए पूरा प्रोजेक्ट उनके हवाले कर दिया। स्मार्ट सिटी ने इसके लिए 37 करोड़ दिए। काफी दिनों तक बिजली कंपनी इस कार्य का टेंडर जारी नहीं कर पाई। बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित रकम वापस लेते हुए खुद ही 7 सड़कों के अंडरग्राउंड केबल प्रोजेक्ट का टेंडर किया और इस काम के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई।

### बूढ़ेश्वर चौक से लाखेनगर चौक तक हाउस होल्ड कनेक्शन, पोल हटाने का काम बाकी

- 37 करोड़ का प्रोजेक्ट
- मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई



### 4 चरण में चल रहा काम

रायपुर स्मार्ट सिटी 7 प्रमुख सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने 4 चरण में काम किया जा रहा है। इसमें से सभी चयनित सड़कों पर अनुबंधित एजेंसी ने डक्ट बनाने का काम पूरा कर लिया गया है और केबल को भूमिगत किया गया है। कुछ तकनीकी काम अभी भी बाकी है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, सप्लाई लाइन चेंज करने और स्ट्रीट पोल को सड़क से हटाकर बिजली तार को भूमिगत करने का काम बाकी है। आमापारा से लाखेनगर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट अस्थायी रूप से चालू की गई है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक पर फाउंडेशन वर्क पर काम चल रहा है। बिजली विभाग अब सदरबाजार, गोलबाजार, बैजनाथ पारा में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू करेगी। इसी तरह बूढ़ापारा से लाखेनगर चौक तक फाउंडेशन का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। जबकि अंडरग्राउंड केबलिंग का काम इन दिनों चल रहा है।

### जून से पहले काम पूरा करने मियाद

7 प्रमुख मार्गों पर चल रहे अंडरग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट के बकाया काम को जून माह से पहले पूरा करने अनुबंधित ठेकेदार को मोहलत दी है। विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग तेज करने निर्देशित किया है।

**- अबिनाश मिश्रा,** एमडी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# नालों की सफाई में जुटा नगर निगम का अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बारिश पूर्व नालों की सफाई में नगर निगम का अमला जुट गया है। इसके लिए प्रत्येक जोन में 25 सफाई कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोनवार नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए पोकलेन मशीन भी मदद ली जा रही है। बारिश के दिनों में शहर के नाले-नालियों को जाम होने बचाने नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही जोन कमिश्नरों को भी जिम्मेदारी दी गई है। देवेंद्र नगर नाले में सफाई के लिए पोकलेन उतारी गई। इसी तरह नारायणा हास्पिटल के पीछे स्थित बड़े नाले की भी सफाई की जा रही है। जोन-3 क्षेत्र की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इधर रामनगर नाले की सफाई भी लगातार जारी है। जोन के चिंगरीनाला की सफाई की जा रही है। शहरभर में छोटे और बड़े मिलाकर करीब 50 नाले अलग-अलग क्षेत्र में स्थित हैं। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने बताया कि नालों में कचरे के कारण जलभराव की स्थिति आ जाती है, इससे निपटने लगातार सफाई के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

- पोकलेन मशीन की ले रहे मदद

# ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें तेज, हर दिन विवाद, अब आरपीएफ लेगी एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी के साथ ही ट्रेनों में भीड़ भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अब हर दिन ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। डीआरएम और रेलवे बोर्ड को यात्री ट्वीट कर अपनी परेशानी बता रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे बोर्ड से डीआईजी समन्वय एसएस सुनील ने सभी मुख्य सुरक्षा आयुक्त को ये आदेश दिया है कि ट्रेनों के रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए चेकिंग स्टाफ की तुरंत मदद रेलवे सुरक्षा बल करेगा। बीते दिनों एक महिला द्वारा सीट कब्जा करने का वीडियो देशभर में वायरल हुआ है। ऐसी शिकायत रेलवे को सभी जोन से मिल रही थी। भीड़ के वजह से यात्री रात में अपनी सीट पर ठीक से सो नहीं पा रहे थे। दिन में भी वेटिंग यात्री रिजर्व सीट पर बैठने जाते हैं। रेलवे की इस पहल से यात्रियों को राहत मिलेगी।

- ट्रेनों की रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर रेलवे सुरक्षा बल चेकिंग स्टाफ की करेगा मदद

### कार्रवाई के लिए करनी होगी मदद

रेलवे अधिनियम के मौजूद नियमों के अनुसार टिकट चेकिंग व अतिरिक्त शुल्क लगाने की जिम्मेदारी टिकट चेकिंग स्टाफ की है। आरपीएफ को नियमों के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का तुरंत निर्वहन करना है। जब भी वाणिज्यिक विभाग व टिकट चेकिंग स्टाफ सीटों पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल की मदद मांग करेगा तो तुरंत उन्हें मदद करनी है। राजकीय रेल पुलिस से भी ऐसी ही उम्मीद है। बेहतर समन्वय से ही अच्छी व्यवस्था दी जा सकती है।

### अनाधिकृत व्यक्तियों को बताया खतरा

मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने आदेश में कहा है कि अनाधिकृत व्यक्तियों का ट्रेनों में यात्रा करना हमारे यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे की व्यवस्था के लिए खतरा है। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। ऐसे में वाणिज्यिक विभाग व आरपीएफ के बीच मजबूत समन्वय का होना बेहद जरूरी है।


# नई बसाहट में हजार स्ट्रीट लाइट और खंबे की डिमांड, मिले सिर्फ 250, छाया अंधेरा

- बिरगांव निगम को 40 वार्डों के लिए तीन सौ लाइट्स भी नहीं मिली, इसलिए ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव नगर निगम के वार्डों में जरूरी सुविधाओं का अभी भी अभाव है। निगम का दर्जा मिलने के 9 साल बाद भी जिम्मेदार नई बसाहट के बीच स्ट्रीट लाइट की सुविधा देने में नाकाम हैं। इससे रावांभाठा और उरकुरा वार्ड के मुख्य मार्गों व सपोर्टिंग सड़कों से रात में ड्यूटी से आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे हालात इस कारण बन रहे हैं, क्योंकि करीब तीन सौ लाइटें नहीं मिली हैं। वहीं एक हजार खंबे की जरूरत होने के बावजूद सिर्फ 250 खंबे के लिए सिर्फ मंजूरी मिल पाई है।

राजधानी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नई-नई योजनाओं पर काम चल रहा है। वहीं इससे सटे बिरगांव निगम के मुख्य मार्गों की खराब लाइटों को भी जिम्मेदार रिपेयर कराने में नाकाम हैं। करीब चार महीने से लाइट विहीन 139 स्पॉट पर लगे खंबों में अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं। इस तरह की स्थिति ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा जाने वाले मार्ग पर है। यहां सड़क निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन लाइटों का अभाव होने से रात में उपद्रवी तत्व राहगीरों से लूटपाट करते हैं। ट्रांसपोर्ट कर्मी मनीष पांडेय और प्रकाश पटेल ने बताया कि आए दिन ट्रक चालक व ड्यूटी से आने-जाने वाले लोग नशेड़ियों के शिकार बनते हैं। बंजारी नगर से सामुदायिक अस्पताल के बीच स्ट्रीट लाइटों के लिए अभी खंबे नहीं लगे हैं। इससे सड़क किनारे रात में नशेड़ियों का जमघट भी लगता है, चूंकि इस रास्ते पर ही शराब दुकान है।





### एजेंसी को दिए निर्देश

खराब लाइट सुधारने शासन द्वारा तय एजेंसी को निर्देश दिए हैं। अभी 250 स्ट्रीट लाइट पोल के लिए मंजूरी मिली है, इसके लिए बिजली कंपनी से चर्चा की जाएगी। सुविधा देने बिजली पोल के लिए दोबारा प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, ननि बिरगांव

### सिर्फ 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल

सूत्रों ने बताया कि 40 वार्डों में अभी तक निगम के बिजली विभाग ने करीब 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल लगाए हैं। इनमें 139 स्पाट पर लगे खंबों में लाइट ही नहीं लगाई गई है। इसके लिए जिम्मेदारों ने केंद्रीय एजेंसी से कई बार मांग की, लेकिन आपूर्ति नहीं की गई है। साथ ही 160 से ज्यादा खराब लाइटें अभी तक रिपेयर करके नहीं मिली हैं। इससे करीब 8700 खंबों पर ही लाइटें हैं। इनमें कार्बन की समस्या के चलते सुधार में विलंब होता है, चूंकि निगम के पास संसाधन का भी अभाव है।

### खंबे लगाने में विलंब

मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत रावांभाठा, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र, निमोरा मार्ग समेत उरकुरा में नई बसाहट के बीच सड़क व स्ट्रीट लाइट खंबों का अभाव है। इसे देखते हुए करीब एक हजार नए स्ट्रीट लाइट पोल की जरुरत तीन साल बनी हुई है। पहले इसे शासन को भेजने में विलंब किया गया, 2023 में प्रस्ताव भेजा गया, तो सिर्फ 250 स्ट्रीट लाइट पोल की मंजूरी ही मिली। इसके लिए वर्कआर्डर की प्रक्रिया में विलंब के चलते अभी तक लगाने का प्रोसेस शुरू नहीं हो पाया है।

# बाघ की निगरानी के लिए एनजीओ के साथ वन अफसरों की टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


बाघ की आमद से सिरपुर में सन्नाटा
दिन-रात मुनादी, शिकार देख दहशत

महासमुंद के रास्ते बलौदाबाजार वनमंडल पहुंचे प्रवासी युवा नर बाघ को लेकर वन अफसर अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं कि बाघ राज्य के जंगल में स्थायी रूप से रहे या उसे यहां से जाने दिया जाए। हालांकि बाघ की निगरानी के लिए वन अफसरों की चार से पांच टीमें गठित की गई हैं। साथ ही बाघ की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एनजीओ की मदद ली जा रही है। बाघ को लेकर 18 अप्रैल को एक हाईलेवल बैठक भी की जा चुकी है। बैठक में डब्ल्यूआईआई के अलावा एनटीसीए तथा राज्य एवं देश के अलग-अलग राज्यों के एनजीओ बैठक में वर्चुअली शामिल हुए थे।

डेढ़ माह पूर्व महासमुंद वनमंडल के सिरपुर में बाघ आने की पुष्टि होने के बाद वन अफसर बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही बाघ की मॉनिटरिंग करने बलौदाबाजार वनमंडल के जिस वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ विचरण कर रहा है। उस इलाके को सेनेटाइज करने के साथ एनजीओ बाघ को शिकारियों से बचाने एनजीओ द्वारा एंटी स्नेयर वाक अभियान चलाकर जंगल में शिकारियों द्वारा शिकार करने गए लगाए गए जाल का पता लगाने तथा क्षेत्र को शिकारियों के जाल से मुक्त करने का काम कर रहे हैं।

- बाघ की सुरक्षा की खातिर वन अफसर मुख्यालय के संपर्क में

### एक दिन सर्वाधिक तापमान 42.8, सबसे कम 24.7 तक उतरा

# बदली-बारिश के बीच अप्रैल में कम रही गर्मी, 12 दिन 40 डिग्री के पार हुआ पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी के मामले में परेशानी का सबब बनने वाला अप्रैल इस बार लगातार बादल-बारिश की वजह से लोगों को बिना असहज किए बीत गया। महीने में केवल 12 दिन ही लोगों को 40 डिग्री से अधिक तापमान में गर्मी सहनी पड़ी। एक दिन तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंचा और एक दिन रिकार्डतोड़ गिरावट के साथ 24.7 डिग्री भी दर्ज किया गया।

अप्रैल की शुरुआत 40 डिग्री के तापमान के साथ हुई थी, इस दौरान यह माना जा रहा रहा था कि गर्मी काफी हलाकान करेगी। अनुमान के विपरीत लगातार एक्टिव होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के बीच महीना उतार-चढ़ाव में ही गुजर गया। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में धूप अपना असर दिखाएगी और तेज गर्मी लोगों को हलाकान करेगी। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो इस महीने रायपुर का तापमान केवल 12 दिन ही 40 डिग्री के पार हुआ, मगर यह 42.8 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंच पाया। इसके विपरीत छाने वाले बादल और पांच से सात दिनों तक हुई हल्की से मध्यम वर्षा के प्रभाव 19 दिन राहत के साथ बीतने का अनुमान है। अभी भी विक्षोभ सक्रिय है, जिसकी वजह से तापमान सामान्य से कम रिकार्ड किया जा रहा है।

### अप्रैल में जनवरी का अहसास

महीने के मध्य में विक्षोभ की वजह से तैयार द्रोणिका के प्रभाव से रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों को गर्मी वाले अप्रैल के महीने में जनवरी जैसी ठंड का अहसास होने लगा था। लगातार बारिश के प्रभाव से तापमान काफी नीचे चला गया था और उसका असर दस दिनों तक महसूस किया गया था। इसी दौरान 11 अप्रैल को रायपुर का तापमान 24. 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### ऐसे बीता अप्रैल

1 अप्रैल को 39.2 डिग्री से हुई शुरुआत, 6 अप्रैल को तापमान 41.4 तक पहुंचा। 7 अप्रैल को विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट की शुरुआत, पारा 29.5 तक लुढ़का। करीब 10 दिनों तक बादल-बारिश के बीच मौसम बदला और ठंड का अहसास होने लगा। 16 अप्रैल से मौसम सुधरा और 19 को सर्वाधिक तापमान 42.8 दर्ज किया गया। 22 अप्रैल को छाए बादल से कम हुई गर्मी, 25 से पुनः बढ़ी और 28 को हल्की बारिश के बाद इसमें फिर गिरावट दर्ज की गई।

### सुबह बारिश, दोपहर में पांच डिग्री पारा कम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव छाए बादल रविवार को राजधानी में सुबह के वक्त कुछ देर के लिए बरस पड़े। इससे मौसम में ठंडक आ गई और दोपहर का तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम होकर 36.2 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक विक्षोभ का प्रभाव अब खत्म हो चुका है, मगर तापमान के पुनः 40 डिग्री तक पहुंचने में अप्रैल के शेष दिन बीतने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### शुभिका कक्षा में प्रथम



**छुईहा बेलर।** सुभिका यदू बिजली ने चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद से नर्सरी 2 क्लास में 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। वहीं ग्राम बिजली के वरिष्ठ नागरिक नंदू यादव, वेदप्रकाश एंव हरिश यदू मंजु यदू शिक्षक दम्पति की पुत्री है। स्कूल प्राचार्य ने उज्वल भविष्य की कामना किया है।

### दो भाइयों के बीच गाड़ी को लेकर विवाद, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली में दो भाइयों के बीच गाड़ी को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी सुरेश अग्रवाल पिता श्यामलाल अग्रवाल निवासी हाउस नं डी 155 सेक्टर 4 देवेंद्र नगर रायपुर ने पुलिस को बताया कि मेरे नाम पर इनोवा गाडी क्र. सीजी 04 केयू 7847 को करीब एक साल से मैं अपने चचेरे छोटे भाई अशोक अग्रवाल को दिया हूं, लेकिन जब भी मैं गाड़ी को उससे मांगता हूं तो वह उसे वापस नहीं करता है। प्रार्थी ने बताया कि वह रायपुर से 27 अप्रैल को अपने चचेरे भाई अमित अग्रवाल के यहां कार्यक्रम में शामिल होने आया। 28 अप्रैल की सुबह मैं अपनी पत्नी के साथ पतेरापाली पुराना मकान देखने गया था। वहां से वापस आने पर करीब 9.30 बजे के आसपास सुनील अग्रवाल के यहां जा रहे थे, तब देखा कि अशोक अग्रवाल अपनी दुकान में बैठा था। मैने उससे अपनी इनोवा गाड़ी को वापस मांगा, लेकिन वह गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट करने की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी विक्की राजपूत पिता सुभाष राजपूत ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम हरनादादर थाना बागबाहरा का रहने वाला हूं। 28 अप्रैल की देर शाम 7.58 बजे बागबाहरा के सोनू देवागंन ने मुझे फोन कर जैन मंदिर मैदान में बुलाया। जहां मैं अपने भाई दीपक राजपूत, दोस्त सौरभ बंजारे एवं वेद चंद्रकर के साथ पहुंचा। जहां आरोपी सोनू देवांगन अपने साथी अर्जुन गोस्वामी, राजा सेन, शिवा वगैरह के साथ मौजूद था। इस दौरान आरोपी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब मैने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, कड़े, हाथ में पकड़े स्पीकर एवं बीयर बाटल से मारपीट किया।

**मानसगान :** नवा सुरुज मानस परिवार व तथा राम, राम मानस परिवार मड़ेली ने शानदार प्रस्तुति दी

# भगवान शिव ने जगत के कल्याण के लिए पार्वती से विवाह किया : प्रेमनारायण ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)





छुरा विकास खण्ड के ग्राम कोरासी, जुनवानी और पाटशिवनी में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान के प्रथम दिवस पर ग्राम कोरासी में राम रमैया मानस परिवार कोरासी, नवा सुरुज मानस परिवार बनगवां फिंगेश्वर, तथा राम राम मानस परिवार मड़ेली के द्वारा बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी गई। प्रथम दिवस होने के कारण श्रोता समाज की भीड़ उमड़ पड़ी। मानस परिवार के व्याख्याकार प्रेमनारायण ध्रुव ने शिव विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान शिव अशुभ वेश धारण करने के बाद भी दयालु और कृपालु भी है। उन्होंने जगत के कल्याण के लिए पार्वती के साथ विवाह किया। विवाह प्रसंग पर संगीतकार ईश्वर ठाकुर तथा हेमराज मानिकपुरी ने विवाह गीत भी गाए। मानस परिवार के तबला वादक भीखम ठाकुर, नाल वादक नीलाम्बर ध्रुव, आर्गन युवराज ठाकुर, पेड पर मिथलेश विश्वकर्मा, बांसुरी लोचन ठाकुर बजा रहे थे। नवा सुरूज मानस परिवार में व्याख्याकार धनेश्वर साहू ने बालकाण्ड पर चर्चा करते हुए भगवान की चरण वंदना पर प्रकाश डालते हुए प्रभु की महिमा का बखान किया। और द्वितीय दिवस पर ग्राम कोरासी में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक श्रद्धा के फुल मानस परिवार मुनगाशेर महासमुंद की प्रस्तुति दी। जिसमें व्याख्याकार तुलाराम शर्मा द्वारा अयोध्या कांड का कथा जब विश्वा मित्र ऋषि अयोध्या पधारते हैं उस समय की कथा को बहुत ही मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया। जिसे सुनकर श्रोता समाज भाव विभोर एवं उनके भजनों में ताली बजाकर ताल से ताल मिलायाव। मानस परिवार के व्याख्याकार प्रेमनारायण ध्रुव ने शिव विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान शिव अशुभ वेश धारण करने के बाद भी दयालु और कृपालु भी है। उन्होंने जगत के कल्याण के लिए पार्वती के साथ विवाह किया। विवाह प्रसंग पर संगीतकार ईश्वर ठाकुर तथा हेमराज मानिकपुरी ने विवाह गीत भी गाए। मानस परिवार के तबला वादक भीखम ठाकुर, नाल वादक नीलाम्बर ध्रुव, आर्गन युवराज ठाकुर,पेड पर मिथलेश विश्वकर्मा, बांसुरी लोचन ठाकुर बजा रहे थे। नवा सुरूज मानस परिवार में व्याख्याकार धनेश्वर साहू ने बालकाण्ड पर चर्चा करते हुए भगवान की चरण वंदना पर प्रकाश डालते हुए प्रभु की महिमा का बखान किया। और द्वितीय दिवस पर ग्राम कोरासी में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक श्रद्धा के फुल मानस परिवार मुनगाशेर महासमुंद की प्रस्तुति दी जिसमें व्याख्याकार तुलाराम शर्मा द्वारा अयोध्या कांड का कथा जब विश्वा मित्र ऋषि अयोध्या पधारते हैं उस समय की कथा को बहुत ही मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया।जिसे सुनकर श्रोता समाज भाव विभोर एवं उनके भजनों में ताली बजाकर ताल से ताल मिलाया।

### भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु थिरके

साथ ही साथ टीकम पटेल दुरदर्शन एवं आडियो वीडियो कलाकार के द्वारा मधूर भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं के पैर थिरकने में मजबुर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन टीकेश्वर सिन्हा, देवनारायण यदु जी,पुरणलाल निषाद के द्वारा किया गया। वहीं जागेश्वर ध्रुव जुवानी में और संतराम कंवर पाटशिवनी में संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के युवा शक्ति एकता महिला ग्राम समिति गायत्री ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, ईश्वर दीवान, द्रोण दीवान, नोकेश ध्रुव, हितेश कुमार ध्रुव, तेजराम ध्रुव, घनश्याम सिंह ध्रुव, उवेसिंग ध्रुव, खेलन ध्रुव, पवन दिवान, राजू सिन्हा आदि लगे हुए हैं। वहीं सभी श्रद्धालुओं को भोजन भण्डारा में भोजन प्रसादी कराया जा रहा है।

# बृजमोहन के प्रचार में नेता पहुंचे चंपारण



**राजिम।** भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजू सोनकर, मुरली सिन्हा, सोमप्रकाश साहू, संजीव चंद्राकर, ओमप्रकाश आडिल, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नेहरू साहू, चंपारण मंडल के ग्राम भलेरा, तामासिवनी में बैठक ली। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, तोशन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ता कुर्रा व पटेवा पहुंचे



**राजिम।** कुर्रा व पटेवा में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार में विजय गोयल, दयालु गाड़ा, दिनेश टंडन,राजेश गिलहरे, संतोष गिलहरे, गोपी गिलहरे, मोगरा बाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गांव पहुंचकर बैठक ली।

## मोखला, भिलाई व कुम्हारी में डटे भाजपा कार्यकर्ता



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में नवापारा और अभनपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता मोखला, भिलाई, कुम्हारी में पहुंचकर एक-एक घरो में जाकर प्रचार किया। इन कार्यकर्ताओं में टीकम साहू, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गौरव शर्मा, रविन्द्र चन्द्राकर, किशोर साहू, ज्ञान चन्द्राकर, सामंत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# छुईहा विद्यालय की कक्षा 9वीं व 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छूईहा में सोमवार को कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें 11वी में परीक्षा फल 69 फीसदी रहा। जिसमें 82 फीसदी अंक के साथ स्कुल की मेघावी छात्रा चांदनी सिन्हा कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। जो विज्ञान संकाय पर अध्ययन रत है। वहीं 9वीं कक्षा का परीक्षा फल 65 प्रतिशत रहा। जिसमें 88 प्रतिशत अंक के साथ घनश्याम साहू कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा फल समारोह के अतिथि सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, हाई स्कूल अध्यक्ष परदेशी राम सिन्हा हाई स्कूल प्राचार्य नारायण निषाद, नीलम कुमार अंगारे, महेन्द्र कुमार साहू ,पूनमचंद ध्रुव, रोहित कुमार ध्रव, रामाधीन ध्रुव, मुकेश निर्मलकर, किरण मटियारा, वेदराम ध्रुव, चैतन्य ध्रुव, झंकेश्वर सिन्हा, नेहा ठाकुर, पुनम ध्रुव, योगेन्द्र पोर्ते, संदीप रात्रे, पद्मनी ध्रुव उपस्थित थे।

## एक ही दिन में तीन डिग्री बढ़ गया पारा, सूनी हुई गलियां

**महासमुंद।** प्रदेश में आंधी, बारिश के बीच सोमवार से तापमान बढ़ गया है। एक दिन पूर्व रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा। वहीं, सोमवार का अधिकतम तापमान 42 तक पहुंच गया। जिसके चलते दोपहर होते ही शहर की सड़कें और गलियां सूनी हो गई। लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। जबकि, मौसम विज्ञानियों की मानें तो अभी भी कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश की संभावना बनी हुई है।

अप्रैल महीने में अक्सर तेज गर्मी रहती है। कई बार लू जैसे हालात भी बन जाते हैं। लेकिन, इस बार 5-6 दिन के अंतर में मौसम का ट्रेंड बदल रहा है। इस बार अप्रैल कूल है। कभी तेज धूप खिल जाती है, तो तापमान 41 डिग्री से भी ऊपर चला जाता है। कभी अचानक बदली छा जाती है। तेज हवा के चलने से तापमान में गिरावट आ जाती है और अधिकतम तापमान 36-37 डिग्री तक चला जाता है।

# बेटा क्लास में प्रथम आया तो पिता ने स्कूल में दी एलईडी टीवी

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



बेटा जब परीक्षा में फस्ट आया तो पिता का खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। वह प्रफुल्लित होकर स्कूल के शिक्षकों का सम्मान करने स्कूल पहुंच कर डिजिटल शिक्षा को प्रमोट करने स्मार्ट टीवी गिफ्ट कर दिया।

■ आज भी सरकारी स्कूलों के शिक्षक दे रहे बेहतर शिक्षा

आज भी सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहे हैं। पिता ने शिक्षा का कद्र करते हुए स्कूल को टीवी भेंट किया है। यह बात फिंगेश्वर नगर की है जिसमें पिता उत्तम साहू के बेटे नारायण साहू जो शासकीय कन्या प्राथमिक स्कूल फिंगेश्वर में कक्षा तीसरी के वार्षिक परीक्षा में ए ग्रेड से पास होकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह बात जब पिता उत्तम साहू को पता चला तो पिता खुशी से झूम उठा और स्कूल पहुंच कर अच्छी शिक्षा देने वाले शिक्षकों का सम्मान करते हुए स्कूल में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने 32 इंच का कलर टीवी भेंट कर दिया। अधिकांश पालक परीक्षा में पास होने पर खुशी में अपने बच्चों को गिफ्ट देते है या बच्चे को परीक्षा से पहले किये वादे को पूरा करते है पर नारायण के पिता ने बेटे के अच्छे अंक से पास होने पर बेटे की ख्वाइस तो पूरा करेंगे ही पर सब से पहले पिता ने स्कूल में जा कर शिक्षको को पहले धन्यवाद कहा और 32 इंच का टीवी देकर समानित किया। यह बात कक्षा तीसरी की नही है बल्कि एक पिता की शिक्षा और शिक्षको के प्रति सोच की है।

**पिता ने शिक्षकों का बढ़ाया हौसला**

नारायण के पिता उत्तम साहू ने बताया कि नारायण स्कूल में कक्षा पहली से लेकर कक्षा दूसरी और अब तीसरी में लगातार प्रथम आया है।नारायण बड़ा होकर सैनिक बनना चाहता है इसके पीछे बच्चे की पढ़ाई में मेहनत और लगन तो है ही वहीं पर इसके पीछे शिक्षको का सब से महत्वपूर्ण योगदान रहा है।उन्होंने आगे कहा कि लोग अक्सर सरकारी स्कूल में पढ़ाई को लेकर कई तरह से सवाल उठाते है जो कही हद तक सही भी रहता है लेकिन आज भी ऐसे शिक्षक है जो सरकारी स्कूल में बच्चो को अच्छी शिक्षा देने लगन से पढ़ाई करवाते है ऐसे शिक्षको का मनोबल बढ़ना चाहिए ताकि शिक्षा का स्तर और ऊपर उठ सके एवं पालकों और शिक्षकों के बीच शिक्षा को लेकर भरोसा कायम रहे।

# डिगेश्वरी 9वीं में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलकर्रा में अध्यनरत नवमीं की छात्रा कुमारी डिगेश्वरी साहू ने 95 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। वह व्याख्याता किशोर कुमार साहू की सुपुत्री एवं पूरनलाल साहू व्याख्याता की भतीजी है। उनके इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य गौतम बिझेकर व्याख्याता मीना मिश्रा, दीपक चंद्रवंशी, लुकेश्वर प्रधान, हेमंत कुमार साहू, संजीव साहू, कैलाश साहू, अजय पाल ने उज्वल भविष्य की कामना की।



# साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती

पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)। ग्राम पिपरहट्ठा में साहु समाज के द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया गया। विधि विधान से कर्मा माता की पूजा अर्चना के बाद गांव में कलश यात्रा निकाला गया। यात्रा में साहु समाज के लोग व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए व घर घर कलश यात्रा का पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया तथा साहु समाज के द्वारा भंडारे का आयोजन रखा गया था।

## सेंट फ्रासिंस स्कूल में मधुमक्खी ने किया हमला, दर्जनभर बच्चे घायल

**महासमुंद।** सेंट फ्रासिंस स्कूल पिथौरा में रविवार की सुबह परिसर में खेल रहे बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे करीब दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। बच्चों को उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र भेजा गया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। सभी बच्चों को सुरक्षित बताया जा रहा है।

इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। घटना रविवार की सुबह 10.30 बजे की है। स्कूल में चल रहे समर कैंप के बाद करीब 25 बच्चे मैदान में खेल रहे थे। वहीं, स्कूल के एक किनारे में मधुमक्खियों का छत्ता भी मौजूद है। एकाएक मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए बच्चे इधर-उधर भागने लगे। कुछ बच्चें खुद को स्कूल के कमरों में बंद कर लिया। इसके बावजूद कुछ बच्चे हमले से खुद को बचा नहीं पाएं और मधुमक्खियों के डंक से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि करीब 7 बच्चों को ज्यादा चोट आई है। इधर, हमले के बाद स्कूल प्रबंधन मधुमक्खियों के छत्ते को शाम तक निकालने की बात कह रहें।

# बृजमोहन के पक्ष में अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया प्रचार



**नवापारा-राजिम।** अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल द्वारा उमरपोटी, आलेखुंटा एवं सोनेसिली में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में प्रचार किया गया। प्रचार करने मोर्चा के प्रदेश सहकोषाध्यक्ष दयालु गाड़ा, चंद्रकला ध्रुव, दिनेश टंडन, राजेश गिलहरे,संतोष गिलहरे, गोपी गिलहरे ,गंगाराम कोसरे, नीरज सोनवानी, मोनू गिलहरे आदि शामिल थे।

# अंचल में रबी धान की कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



ग्रीष्मकालीन रबी फसल धान की बुवाई बहुत आयात मात्रा में इस वर्ष बोया गया है।

जिसकी कटाई का काम शुरू हो गया है। पिछले वर्ष पतला धान की अच्छी रेट होने की वजह से किसान इस बार 3 माह में पकने वाले अर्ली वैरायटी का धान काफी मात्रा में लगाए हुए हैं जो कट कर बिकने के लिए तैयार हैं। किंतु राजिम मंडी में अन्य वर्षो की तुलना में काफी कम भाव होने की वजह से किसान अभी बेचने के मूड में नहीं है। 1008 और 1010 धान की कटाई का काम भी लगभग शुरू हो गया है। इस तपती धूप में भी कई जगहों पर किसान हाथ से धान की कटाई का काम कर रहे हैं तो कई जगहों पर जहां खेत पूरी तरह सूख चुका है। ऐसी जगह में हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई करवा कर रहे हैं। गिले खेतों में भी इसका विकल्प आ चुका है चैन वाले हार्वेस्टर मशीन से कटाई की जा रही है।

भले इस काम में पहले के मुकाबले चार्ज अधिक लग रहा है। लेकिन किसान जितना जल्दी हो सके मौसम की स्थिति को देखते हुए अपने उत्पादन को समेटने के लिए मशीनों का उपयोग कर रहे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### ज्यादा खर्च करने के नाम पर पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ज्यादा खर्च करने की बात को लेकर महिला से उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया मेश्राम पति देवेंद्र (31) निवासी बीटीआई रोड ने पुलिस को बताया कि उसके पति व आरोपी देवेंद्र बाम्बड़े पिता माधव राव (31) ने ज्यादा खर्च करती हो कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म

**महासमुंद।** तुमगांव थाने में रायगढ़ के एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ निवासी आरोपी मिलींद पटेल ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध कायम किया है।

### घर में टीवी नहीं चलने पर पति-पत्नी के बीच विवाद, एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा के एक घर में टीवी नहीं चलने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ महासमुंद थाने में इस मामले की रिपोर्ट लिखाई है। प्रार्थिया नसरीन कुरैशी पति राज मोहम्मद कुरैशी निवास वार्ड नं 7 गौसिया मस्जिद के पास नयापारा महासमुंद बताया कि मैं प्रायवेट नौकरी करती हूं और मेरा मेरे पति, सास तथा देवर-देवरानी के साथ पारिवारिक विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है। इसके चलते राजिम न्यायालय में पति-पत्नी के बीच भरण पोषण का मामला चल चुका है। साथ ही मैं मकान के ऊपर मंजिल में अपनी बेटी के साथ अलग रहती है। इसके बाद भी मेरा पति, सास, देवर, देवरानी मेरे साथ आए दिन वाद-विवाद, गाली गलौच करते रहते हैं। प्रार्थिया ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम को आंधी-तूफान के कारण मेरे टीवी एवं मेरे पति, उसके मां एवं भाई के टीवी का छतरी हिलने से घूम गया। रात करीब 10 बजे मेरा पति राज मोहम्मद ऊपर मेरे कमरे के पास आया और टीवी की छतरी को जानबूझकर हिला डुलाकर इधर-उधर करने की बात करते हुए गालियां देने लगा। प्रार्थिया ने बताया कि जब अपने पति से कहा कि टीवी आंधी-तूफान से हिल गया है, तब वह मेरे साथ हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा। इस दौरान उसने अपनी मां गौसिया खातून, छोटे भाई तबरेज कुरैशी एवं उसकी पत्नी तस्लीम कुरैशी को भी बुला लिया। इसके बाद चारों ने एक राय होकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। जिससे मेरे चेहरे में, दाहिने हाथ एवं कमर में चोटें आई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 मामला दर्ज किया है। इधर, मामले को लेकर राज मोहम्मद पिता रफीक कुरैशी निवासी वार्ड नं 7 गौसिया मस्जिद के पास नयापारा महासमुंद ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल की शाम को मैं टीवी देख रहा था, तभी अचानक नो सिग्नल हो गया, जिससे मैं रात्रि करीब 10 बजे छत में जाकर देखा तो छतरी का वायर निकला हुआ था।

# शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्धियां हासिल करें : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं पीएम श्री स्कूल पथर्रा में परीक्षा परिणाम एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत थे। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं कक्षा में प्रथम आए हुए बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ वर्ष भर के साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियों हेतु भी पुरस्कार प्रदान की। परीक्षा में प्रथम आए हुए बच्चों को शिक्षक नरेंद्र देवांगन द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सारस्वत ने कहा कि विद्यालय स्तर के इस प्रकार के आयोजन बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का काम करती है बच्चों को इस अवसर का लाभ उठाते हुए ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी उपलब्धि हासिल करनी चाहिए। शिक्षक पालक और बालक सभी मिलकर प्रयास करें तो हमारा यह स्कूल निश्चित ही जिले में और प्रदेश में अपनी पहचान कायम रखेगा।

**पीएम श्री स्कूल पथर्रा में परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न**



**शिक्षा का स्तर सुधारने हेतु मिलजुलकर प्रयास करें**

इस दिशा में हम सबको मिलकर प्रयास करना है उन्होंने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए निरंतर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया और पालकों से भी आग्रह किया की विद्यालय के निरंतर संपर्क में रहकर शिक्षा का स्तर सुधारने हेतु मिलजुलकर प्रयास करें। इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र पाल पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष नरेश यादव सहित संस्था की शिक्षिका सुनीता साहू, वालिता साहू, राधेश्याम साहू, रोशन पांडे, निधि ठाकुर, प्रेम कुमारी साहू, कुमारी गीता साहू, कुमारी लक्ष्मी यादव, कुमारी गुंजा साहू, नरेंद्र देवांगन, संत राम साहू, दिलीप धीवर, जगन्नाथ साहू, सुनीता पाल, सरिता ध्रुव सहित अनेक पालक उपस्थित रहे।

**समीक्षा :** कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत गांव वार कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से करें पूर्ण : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



- अधिकारीगण कार्यों के प्रगति की प्रतिदिन करें निगरानी
- 1 हफ्ते के भीतर शत प्रतिशत कार्यों का करें भौतिक सत्यापन

जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे। जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फोटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फोटो के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पीएचई के ईई श्री पंकज जैन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए कार्यों को पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करें। साथ ही मैदानी इलाकों के गांवों में भी सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में प्रगति नहीं आने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने निर्माण ठेकेदार एजेंसियों की बैठक लेकर डेडलाइन अनुसार कार्यों को पूर्ण कराने तथा कार्यों में विलंब की स्थिति में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

# गायत्री महायज्ञ विवाह दिवस के रूप में मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

वैवाहिक जीवन में मधुरता, परिपक्वता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गायत्री परिवार विवाह दिवस संस्कार का अभियान चला रहा है।

इसी तारतम्य में रविवार को नगर में कृष्ण कुमार साहू व्याख्याता के निवास पर उनके विवाह के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ कर विवाह दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में सात दम्पत्तियों ने भागीदारी कर अपने विवाह दिवस को याद किया तथा जीवन के शेष अवधि को परस्पर प्रेम, सहयोग और सेवामय बनाने का संकल्प लिया। कृष्ण कुमार वसुंधरा साहू, छबि राम गुंजा साहू, धर्मेन्द्र सुरेश्वरी साहू, दर्शन भुनेश्वरी सेन, चुमन सिंह रेखा ठाकुर, देवराज शांति दीवान, नारायण इन्दु साहू ने यज्ञाग्नि के समक्ष जीवन के सभी प्रतिकूलताओं और चुनौतियों से मिलकर साथ लड़ने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का संचालन चतुर सिंह दीवान ने संगीतमय वातावरण में किया। उन्होंने सभी जोड़ों को शुभाशीष प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं प्रभु लाल सिन्हा, मालिक राम साहू, पुखराज ठाकुर, केशव प्रसाद साहू, तिजऊ राम साहू, दिलीप यदु, भुनेश्वर पटेल, नरसिंह सोम, खिलेश्वरी सोम, रमेश्वरी साहू, सरस्वती सिन्हा, संध्या यदु, निर्मला पटेल आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों के लिए साहू परिवार द्वारा स्वादिष्ट और सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई।

# कक्षा 8वीं में देविका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

- भैंसातरा स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



राजिम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में कक्षा छठवीं से आठवीं तक का परीक्षा परिणाम प्रधान पाठक रामनारायण मिश्रा ने घोषित किया मिश्रा ने बताया कि कक्षा आठवीं में देविका शाहू ने 91% अंक पाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं 88% अंक लेकर पार्थिव साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तृतीय स्थान पर भूमि साहू रहे जिन्होंने 85% अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार आठवीं के सभी छात्र उत्तीण घोषित किये गए। तथा 6वीं व 7वीं के सभी छात्रों का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रामनरायण मिश्रा ने कहा कि सभी विद्यार्थी अगली कक्षाओं में इससे भी अधिक अंकों से उत्तीर्ण हो ऐसी हमारी कामना है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रूपलाल साहू, नेमुराम साहू, पुरुषोत्तम कुमार साहू, योगेश वर्मा, नोहर साहू सहित समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



# कन्या शाला पांडुका का परीक्षा परिणाम घोषित

**पांडुका।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में सत्र 2023 -24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा छठवीं में कुमारी सुकृति सेन, कक्षा सातवीं में दिव्यांशी दीप तथा कक्षा आठवीं में साक्षी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को प्रधान पाठक एम एल तारक ने सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन ने छात्राओं को अंक सूची एवं विशेष उपहार प्रदान किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष शशि साहू तथा पालक सदस्य गुणवंत साहू, शाला के शिक्षक अरुण साहू, अर्चना शर्मा, गोपेश्वरी साहू, कविता आचार्जी एवं देवश्री निषाद उपस्थित थे। प्रधान पाठक ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य का सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

# मुड़तराई विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़तराई संकुल कोपरा का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसका परिणाम शत - प्रतिशत रहा। सोमवार को स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष उदल सिंह कंवर, पूर्व अध्यक्ष हुलास राम साहू, प्रधानपाठक सेवाराम साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान पर याचिका ध्रुव, द्वितीय स्थान पर योगिता वर्मा, तृतीय स्थान पर भूमिका वर्मा रही। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान ओमप्रकाश यादव, द्वितीय स्थान पर वीणा वर्मा, तृतीय स्थान पर डागेश्वर ध्रुव इसी प्रकार कक्षा आठवीं में प्रथम में स्थान दुष्यन्त वर्मा, द्वितीय स्थान गेमा ध्रुव, तृतीय स्थान पर थानेश्वरी साहू रही। आशीर्वचन में प्रधानपाठक के द्वारा छात्र-छात्राओं को कम अंक आने पर निराश ना होने की तथा अधिक अंक आने पर अति उत्साहित ना होने की बात करते हुए लगन एवं मेहनत की साथ पढ़ाई करने पर जोर दिया गया। अतिथियों ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# कुरुसकेरा स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**सुरसाबांधा।** कुरुसकेरा मिडिल स्कूल का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। संस्था में अध्ययनरत बालिकाओं में कक्षा 8वीं में प्रथम कुमारी डिगेश्वरी निषाद 89.83 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी दिव्या तारक 87.5 प्रतिशत, तृतीय कुमारी नामेश्वरी 85.33 प्रतिशत रही। कक्षा 7वीं में कुमारी द्रौपती साहू, द्वितीय कुमारी वेदिका पटेल, तृतीय कमानी पटेल, कक्षा 6 वी में प्रथम डिगेश्वरी पटेल, द्वितीय गोपिका तारक तृतीय संगीता साहू रही। संस्था में सभी बालक-बालिकाओं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करने के दौरान संस्था के प्रधानपाठक रोहित ध्रुव, समस्त शिक्षक, सरपंच प्रतिनिधि, शाला विकाश समिति के सदस्य, संकुल समन्वयक एवं पालक उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था प्रमुख में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# विधायक रोहित ने जांजगीर लोस के कसडोल में संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम







महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद विधायक रोहित साहू को जांजगीर लोकसभा के कसडोल विधानसभा में तैनात किया गया है। विधायक श्री साहू ने वहां चुनावी कमान संभाली है। सोमवार को विधायक ने कसडोल और लवन भाजपा मंडल की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को संगठित होकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया है। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में केंद्र की सरकार ने उपलब्धि भरा कार्य किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गांव गरीब और किसानों का विकास हुआ है। जिससे आम जनता में खुशी की लहर है। विकसित भारत अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि सन 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पाना जरूरी है। कांग्रेस के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का योगदान देश हित में कभी भी नहीं रहा है, 55 वर्षों तक कांग्रेस ने देश में राज किया है, लेकिन इस पार्टी की उपलब्धि सिर्फ अनेक घोटालों की रही है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू उपस्थित रहे।

**शाकाहार व्रती बनने पर 13 छात्राओं का किया गया सम्मान**

# शरीर एवं विचार को पवित्र करने भोजन में शुद्धता जरुरी : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

बेटियां यदि संस्कारित हो तो समाज संस्कार वान बनता है। ऐसा ही पहल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह में विगत चार सत्रों से किया जा रहा है। विद्यालय के शिक्षक मनहरण पटेल चार वर्ष पूर्व से ही आदिवासी विकासखंड के इस शाला में योग के साथ - साथ शाकाहार पर भी विद्यार्थियों को प्रेरित कर रहे हैं। जिसके तहत इस सत्र 2023-24 में कक्षा आठवीं में अध्यनरत कुल 21 बच्चों में से 10 बच्चों ने शाकाहार अपनाया। जिसमें कुमारी संजना नागेश, संतोषी नागेश, करिश्मा नागेश, संगीता नागेश, दामिनी विशाल, चित्ररेखा, नेहा नागेश, ज्योति नागेश, नेश्वरी एवं परमेश्वर है। उनको शाकाहारी भोजन अपनाने पर धार्मिक ग्रंथ एवं नगद राशि देकर शिक्षक पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। उनका मानना है कि विद्यालय में बच्चों को सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान की शिक्षा ही नहीं दी जानी चाहिए। बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा एवं जीवन जीने की कला भी सीखायी जानी है। आहार शास्त्रकारो एवं महापुरुषों का मानना है कि शरीर एवं विचार को पवित्र करने से पहले हमारे भोजन में पवित्रता एवं शुद्धता होनी चाहिए। कहा भी जाता है जैसा खाओगे अन्न, वैसा होगा मन। जैसे पीयोगे पानी, वैसी होगी वाणी। हमारे भोजन का प्रभाव पूर्ण रूपेण शरीर पर पड़ता है। इसलिए हमारा आहार सात्विक होना चाहिए तामसी भोजन व मांसाहार से तामसी गुणों का विकास होता है। हमारे लिए शाकाहारी भोजन ही श्रेयष्कर है। इससे पूर्व भी पटेल के सात्विक विचार एवं नैतिक शिक्षा से प्रभावित होकर सत्र 2019-20 में कुमारी प्रीति ध्रुव, 2020-21 में कुमारी अन्नु नेताम, 2021-22 में कुमारी हेमलता, कुमारी बबिता नागेश ने शाकाहार अपनाया। उन्हें भी शिक्षक पटेल द्वारा धार्मिक ग्रंथो एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया था। यह सम्मान शिक्षक द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक शाकाहार अपनाने वाले बच्चों को प्रतिवर्ष कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होने पर दी जाती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से राम रतन नागेश अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पटेल दाउ लाल नागेश, गदाराम विशाल, शिक्षकगण हुलेश कुमार साहू, लुनेश्वरी दीवान, तेजराम साहू शरीफ मोहम्मद कुरैशी प्रधानपाठक प्राथमिक, सरफुद्दीन साहिल आदि उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने शाकाहार अपनाने वाले बच्चों को जीवन पर्यंत यह व्रत निभाने की सीख दी एवं शिक्षक के इस पहल की सराहना की है।





online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411